# अब भी कायम है सीमा विवाद.... 20 घंटे के बाद दर्ज हुई प्राथमिकी

## गोलीकांड के विरोध में धुर्वा बस स्टैंड रहा सुनसान, संदेह के आधार पर तीन हिरासत में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में चाहे गोली कांड हो, शव उठाने का मामला हो या फिर चोरी, लूट की घटना हो। इन सब पर प्राथमिकी दर्ज होने के बजाय पुलिस सीमा विवाद की समस्या में उलझते रहती है। यही कारण है कि धुर्वा वार्ड 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह गोलीकांड के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने में 20 घंटे का समय लगा।

इधर, वेद प्रकाश सिंह को गोली मारने के विरोध में स्थानीय लोगों ने रविवार की रात पारस अस्पताल में आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया। दूसरे दिन धुर्वा बस स्टैंड भी सूना रहा। विरोध में आसपास की दुकानें भी सोमवार को बंद रही। गौरतलब हो कि धुर्वा थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा बस स्टैंड में पूर्व पार्षद वेद प्रकाश को उस वक्त गोली मार दी थी, जब वे चाय दुकान पर बैठकर लोगों से बातें कर रहे थे।

**संदेह के आधार पुलिस ने तीन को लिया हिरासत में :** गोली लगने के बाद वेद प्रकाश की स्थिति में गंभीर बनी हुई है। पारस अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी हुई है। वहीं दूसरी तरफ कई पूर्व पार्षद वेद प्रकाश से मुलाकात करने पहुंचे। पुलिस ने वेद प्रकाश का भी बयान लेने की कोशिश की, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर बयान नहीं लिया जा सका। सीमा विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज करने में हुई देरी

वेद प्रकाश को गोली मारने के मामले में एफआईआर दर्ज करने को लेकर सीमा का मामला सामने आया। जिस वजह से घटना के 20 घंटे के बाद मामला दर्ज हुआ। धुर्वा थाना और विधानसभा थाना के सीमा क्षेत्र को लेकर एफआईआर में देरी हुई। एसएसपी के निर्देश के बाद सोमवार को विधानसभा थाना में मामला दर्ज किया गया।

**चाय दुकान पर बैठे थे वेद प्रकाश सिंह :** वेद सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया, जब वे रविवार की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान हाथ में देशी कट्टा लिए एक अपराधी पैदल ही वेद सिंह के पीछे पहुंचा और गोली चलाना शुरू कर दिया। गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगी। जबकि दो अपराधी बाइक पर ही बैठे हुए थे। गोलीबारी के समय चाय दुकान में भगदड़ मच गई थी।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, काठीटांड में सोमवार को मोशन कॅरियर काउंसलिंग संस्थान कोटा के द्वारा विद्यालय के वर्ग दशम, ग्यारहवी एवं बारहवीं के छात्रों-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक कृष्णा अग्रवाल ने छात्र - छात्राओं को उनके भविष्य निर्माण से संबंधित कई गूढ़ बातें बतायी। संस्थान के मुख्य वक्ता नीरज कुमार ने छात्रों को विभिन्न विषयों संबंधित ज्ञानवर्द्धक जानकारी दी। मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की सफलता के लिए संस्थान के सभी सदस्यों, विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी।

### विरोध : नामांकन के नाम पर छात्र-छात्राओं से वसूली

# मनमाने ढंग से पैसे ले रहा है रांची विश्वविद्यालय : अभिषेक शुक्ला

## युवा आजसू के सदस्यों ने किया रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू का घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** युवा आजसू का प्रतिनिधि मंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सोपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा के रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं से नामांकन शुल्क के नाम पर मनमानी ढंग से पैसे वसूले जा रहे हैं जो कि किसी



दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने आगे कहा की छात्र संघ चुनाव का शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये कर दिया गया। जिसे लेकर कई बार विरोध किया गया विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इसे काम करने की भी बात कही गई लेकिन यह शुल्क अभी तक काम नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही छात्र छात्राओं के हित में इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो युवा आजसू सदस्य विश्वविद्यालय तालाबंदी करेगी।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से गुंचा कमर, रूफी परवीन,विक्रम कुमार यादव, अकाश नयन, विशाल कुमार यादव, मनजीत कुमार, अमन अंसारी, शुभम केशरी, सौरभ गुप्ता, आलोक कुमार, राजू कुमार, विक्रम कुमार वर्मा के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### खबर एक नजर में

## रोस्पा टॉवर के सेकंड फ्लोर पर लगी आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के मेन रोड में स्थित रोस्पा टॉवर के सेकेंड फ्लोर में स्थित एक गोदाम में आग लग गयी। आग लगने का कारणप शार्ट सर्किट बताया गया। घटना सोमवार दोपहर की है। स्थानीय दुकानदारों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिस गोदाम में आग लगी, वह कंप्यूटर का गोदाम है। आग लगने के वजह से वहां मौजूद कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की वजह से कुछ लोग गोदाम के अंदर फंस गए थे। उन्हें दीवार तोड़कर बाहर निकाला गया।

## एसोसिएशन के पदाधिकारी कांग्रेस प्रभारी से मिले

**रांची।** झारखंड स्टेट टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चंदन बैठा और महासचिव साजन सिंह ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब से औपचारिक मुलाकात की। औपचारिक मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने गुलाम अहमद मीर से झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को उचित सुविधा, स्कॉलरशिप, नौकरी आदि मुहैया कराने की दिशा में पहल की। गुलाम अहमद मीर ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि उनकी



मांगों पर राज्य सरकार के खेल मंत्री से वार्ता करेगी और झारखंड में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये बनायी गयी योजनाओं को क्रियान्वियत करेगी।

## आज से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी अल्लापुजा-धनबाद एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिण रेलवे में ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण नौ से 28 जुलाई तक अल्लापुजा-धनबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनुर-इरुगूर-सुरतकल होकर चलेगी। रूट ड्रायवर्ट होने के कारण इस ट्रेन का कोयंबटूर स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा। जबकि, यह ट्रेन पोत्तनूर स्टेशन में रुकेगी।

## आदिवासी महासमागम का आयोजन आज

**रांची।** आदिवासियों के विभिन्न संगठनों के द्वारा भारत आदिवासी पार्टी के तत्वावधान में पुराना विधानसभा मैदान में आदिवासी महासमागम का आयोजन आज दिन के 12 बजे से आहूत की गई है। इस महासमागम को भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत, कांतिभाई रोत विधायक कमलेश डोडियार, विधायक धारचंद डामोर, विधायक जय कृष्णा भील, विधायक कमलेश डोडियार, विधायक उमेश डामोर, बबीता कच्छप आदि संबोधित करेंगे। इस मौके पर आदिवासी अगवा प्रेम शाही मुंडा अध्यक्ष आदिवासी जन परिषद, अजय कच्छप अध्यक्ष आदिवासी सेना, भारत आदिवासी पार्टी में शामिल होंगे।

# रिनपास के कायाकल्प को सरकार ने दिये 37 करोड़ रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) को अपग्रेड किया जायेगा। राज्य सरकार ने रिनपास को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 36 करोड़ 95 लाख दो हजार रुपए की राशि उपलब्ध करा दी है। इस राशि से निर्माण व मरम्मत संबंधी कार्य इस्टीमेट तैयार कर पूरे किए जाएंगे। पूर्व से चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों की समाप्ति के बाद ही नए काम शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण व मरम्मति संबंधी कार्यों के पूर्व एवं बाद का फोटो व वीडियो विभाग को अभिलेख के लिए उपलब्ध कराया जाना




अनिवार्य होगा। निर्माण व मरम्मति कार्य की गुणवत्ता रिनपास के निदेशक सुनिश्चित करेंगे। वहीं रिनपास के निदेशक समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन विभाग को और उपयोगिता प्रमाण-पत्र स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग एवं महालेखाकार कार्यालय, को उपलब्ध करायेंगे।

**हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का होता है इलाज :** रिनपास में हर साल एक लाख से अधिक मरीजों का इलाज होता है। इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड एलायड साइंस (रिनपास) राज्य सरकार का एकमात्र मनोचिकित्सा संस्थान है। राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग और भारत सरकार के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की मॉनिटरिंग में इसका संचालन होता है। सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर संस्थान की रिपोर्ट लेता है।

खूंटी, सरायकेला खरसावां और हजारीबाग में तीन और सैटेलाइट क्लीनिक खोले हैं। संस्थान इन आउटरीच सामुदायिक केंद्रों में मनोचिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और छात्रों से बनी मेडिकल टीम भेजता है, जहां उन्हें एक महीने के लिए परामर्श और मुफ्त दवा दी जाती है। हर पखवाड़े एक मनोचिकित्सक बिरसा सेंट्रल जेल, रांची और चेशायर होम, रांची में मानसिक बीमारी से पीड़ित कैदियों का इलाज करने जाता है। रिनपास दुमका, डाल्टनगंज, गुमला और जमशेदपुर में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कामकाज के लिए नोडल केंद्र भी है।

**इन कामों पर रहेगा फोकस :** मानसिक रोगियों के लिए नैदानिक और चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करना। मानसिक रोगियों को सामाजिक और व्यावसायिक पुनर्वास प्रदान करने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना। मनोचिकित्सा, नैदानिक मनोविज्ञान, मनोचिकित्सा सामाजिक कार्य और मनोचिकित्सा नर्सिंग के क्षेत्र में पेशेवर और अर्ध-पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान करना।

## सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी ने डोरंडा में आयोजित की रस्मे पगड़ी का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा सेन्ट्रल मोहर्रम कमटी के तत्वाधान में सोमवार को यनुस चौक में मुहर्रम की पहली तारीख को सद्भावना एवं भाई चारे की मिसाल पेश करते हुए रस्मे पगड़ी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत कमिटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने की एवं संचालन सचिव मुमताज गद्दी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिहं यादव, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी रांची के अकिलुर्रहमान, वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक दुबे, डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर,मो इसलाम, मो नसीमूल हक,मौलाना मनीर, अतिकुर्रहमान गद्दी, नसीम गद्दी, छोटे गद्दी, शमीम हवारी, मोहसिन खान इफ्तेखार, मो सकील, मो इकबाल, मो आरिफ, मो अकबर मौलाना, अबु राफे, तिबरानी सहित बड़ी तदात में डोरंडा क्षेत्र के सभी मोहल्ला के खिलिफा सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में शराब के होलसेल एवं रिटेल टेंडर में

## गड़बड़ी से संबंधित मामले में हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान पर लगायी रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में झारखंड हाईकोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि फिलहाल हाई कोर्ट में इससे संबंधित केस में आगे की कार्रवाही स्थगित रहेगी। मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में झारखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि यह मामला जनहित के योग्य नहीं है, इसमें कई तथ्यों को तोड़ मोड़कर पेश किया गया है। इसी तरह के शिव शंकर शर्मा के केस को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। राजनीतिज्ञों के खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की प्रथा चल रही है। ऐसे मामलों में जनहित याचिका दायर कर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष देखते हुए हाई कोर्ट द्वारा मामले में लिए गए संज्ञान पर रोक लगा दी है।

**क्या है मामला :** दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड के जिलों में शराब के होलसेल एवं रिटेल के टेंडर में गड़बड़ी से संबंधित मामले में दायर उमेश कुमार की जनहित याचिका में राज्य सरकार की हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकृत करते हुए इस केस से प्रार्थी उमेश कुमार एवं उनके अधिवक्ता राजीव कुमार का नाम हटाते हुए इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## कल से टाटानगर-हटिया परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**रांची।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य होगा। इसको लेकर रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण रांची रेलमंडल से परिचालित होने वाली टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 10 और 14 जुलाई को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

# बाल कांवर यात्रा को लेकर बच्चों में उत्साह, 11 अगस्त को निकलेगी बाल कांवर यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर का बाल कांवड़ यात्रा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर प्रांगण में हुई। 11 अगस्त को बाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

भोलेनाथ के अनोखे भक्तो के द्वारा 11 अगस्त को पहाड़ी बाबा पर जलाभिषेक किया जाएगा, जिसमे पंजीकृत बच्चे ही एक न्यूनतम शुल्क के माध्यम से इसमें भाग ले सकते हैं। सबका ड्रेस, पूजा सामग्री, कांवड़, दूध, फूल माला, लोटा एवं सभी प्रकार के पूजन सामग्री महासमिति के द्वारा प्रदान किया जाएगा। जिसमे शिव -पार्वती के स्वरूप होंगे, ढोल-ताशे एवं डीजे धुन पर मनमोहक दृश्यों एवं झाँकी के साथ बाल कांवड़ यात्रा निकलेगा। जिसमे राँची शहर एवं आसपास के जिलों से 3 वर्ष से 13 वर्ष तक के जो बच्चे बाल कांवड़



यात्रा लेकर पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करना चाहते हैं महासमिति के संपर्क नंबर के माध्यम से या वट्सप के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। जिनकी उम्र 3 से 13 वर्ष के बीच होना चाहिए, जो नक्षत्र वन हटनिया तालाब से राजभवन के समीप जल लेकर पैदल पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति बच्चों को जागरूक करना हैं एवं उसका आस्था धर्म के मार्ग पर चले हैं । इसका शुरूआत 2022 में किया गया था। इस आयोजन में शहर एवं राज्य के बहुत सारे गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से राजेश साहू, बादल सिंह, दीपक नंदा, उर्मिला चौधरी, राजकुमार तलेजा, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, संजना शर्मा, राम सिंह, कुमकुम गुप्ता, राजीव वर्मा, मेहुल प्रसाद, गगन कुमार, हर्ष कुमार, अर्चना मिर्धा, पूनम जायसवाल, मुरारी लाल मंगल आदि लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

## नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के प्रभारी बनें दिलीप कुमार

**रांची।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के प्रदेश कन्वेनर अली रजा जैदी ने संगठन का विस्तार करते हुए दिलीप कुमार को खूंटी जिला की जिम्मेवारी सौंपी है। अली रजा जैदी ने बताया कि खूंटी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में ह्यूमन राइट्स का अधिक हनन होता है। इस लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ह्यूमन राइटस को मजबूत करना जरूरी है। दिलीप कुमार को पूरे जिले की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष बनें अजय राम

**रांची।** भारतीय किसान यूनियन संग्राम अराजनैतिक के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अली रजा जेदी ने सोमवार को प्रदेश कमिटी का विस्तार किया। उन्होंने खूंटी जिला के लिए नया जिलाध्यक्ष अजय राम को बनाया। उन्हें पूरे खूंटी जिला की जिम्मेवारी सौंपी गई है। साथ ही भारतीय किसान यूनियन को खूंटी में मजबूत करें, इसकी तैयारी के लिए रूप-रेखा तैयार करने को कहा गया है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय ने आयोजित किया ऋण वितरण शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय ने शनिवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंचलिक प्रमुख जयशंकर प्रसाद ने किया। पूर्व क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि बैंक और ग्राहक का एक दूसरे के साथ अन्योन्याश्रय संबंध होता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन शाखाएँ हर समय ग्राहकों के हित का ध्यान रखते हुए उत्कृष्ट सेवा देने के लिए तत्पर है। इसी क्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने हेतु निरंतर प्रतिमाह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया जाता है। आंचलिक प्रमुख ने आश्वासन दिया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया हर इच्छुक और कर्मठ व्यवसायी के साथ हर कदम पर साथ खड़ा है। उन्होंने आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक बैंक से जुड़ें एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। ऋण वितरण शिविर में लगभग १२५ ग्राहकों के मध्य ५० करोड़ का ऋण वितरण किया गया एवं तत्काल ऋण -स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वर्तमान एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आपस में बैंक व्यवसाय से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श एवं अनुभवों का आदान प्रदान किया गया। विभिन्न व्यावसायिक मानदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शाखा प्रबंधकों/अधिकारियों को आंचलिक प्रमुख एवं क्षेत्रीय प्रमुख के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रशांत देशपांडे, आलोक कुमार, पीयूष मोदी, धर्मेंद्र, समीर, प्रशांत सत्यजीत, मनीष, इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही।

## रथ यात्रा के अवसर पर चित्रकला शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कलाकृति स्कूल आफ आर्ट्स में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर चित्रकला शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। बच्चों ने भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी की पेंटिंग्स बनाई। साथ ही साथ बच्चों ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर एवं रांची स्थित जगन्नाथ मंदिर की भी पेंटिंग्स बनाई। इस अवसर पर निदेशक धनंजय कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उनकी छिपी प्रतिभा को एक मंच देने का काम होता है और इन अवसर पर बच्चे अपनी कला को निखार पाते हैं। इस मौके पर रजनी, अजय कुमार, आरती, कोमल, शिखा, अर्चना, अमीषा, तन्वी, सुमन, मनस्वी, जाया, निजात एवं अन्य शिक्षक एवं छात्रों का सहयोग रहा।

# लायंस क्लब ऑफ रांची का 65वां पदस्थापन, अरूण सिंह बने अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची का 65 वां पदस्थापन समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। 2024 -2025 के लिए अरुण सिंह के नेतृत्व में नयी टीम को पदस्थापन अधिकारी पूर्व मल्टीपल काउन्सिल चेयरमैन एस. पी. वर्मा ने शपथ दिलाकर पदस्थापित किया। एस. पी. वर्मा ने सम्बोधन में लायंस सदस्यों से आव्हान किया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करे और सेवा के प्रति समर्पित लोगों को लायनवाद से जुड़े। निवर्त्तमान अध्यक्ष परविंदरजीत सिंह ने क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों के प्रति



आभार प्रकार किया। उन्होंने 2023 - 2024 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वोत्तम कमेटी चेयरपर्सन डा॰ प्रदीप कुमार , लेडी लायन ऑफ थे ईयर शुभ्रा मजूमदार, क्लब के गौरव डा॰ हरमिंदर बीर सिंह, लायन ऑफ दि ईयर सिमलजीत कौर और बेस्ट कोषाध्यक्ष अनिल गोयल को सम्मानित किया गया। नये सत्र कि शुरूआत में क्लब कि ओर से 11 जरूरतमंदों को व्हील चेयर प्रदान किये गए। रांची क्लब परिसर में प्रतीक स्वरुप वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा॰ हरममिन्दर बीर सिंह और मास्टर अरूप सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलापाल जी. जे. मूर्ति, विनोद गदयान, राजीव सिंह , राजेश गुप्ता पवन, सजीव चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, शुभम वाजपेयी, राजेश कसेरा, रतन अग्गरवाल, विजेंद्रा, विनोद प्रकाश, पूनम आनंद, और क्लब के सदस्य भरी संख्या में उपस्थित थे। धन्यवाद् ज्ञापन मनीष ने किया।

## आज से परिवर्तित मार्ग पर चलेगी अल्लापुजा-धनबाद एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिण रेलवे में ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण नौ से 28 जुलाई तक अल्लापुजा-धनबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पोत्तनुर-इरुगूर-सुरतकल होकर चलेगी। रूट ड्रायवर्ट होने के कारण इस ट्रेन का कोयंबटूर स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।

